एक नजर

एक बीघा खेत के लिए रिश्तों का कत्ल करने पर उतारू भतीजा चाचा ने जमीन देने से किया इनकार तो तमंचे से दाग दी गोली

हरदोई। जमीन के लालच में रिश्तों के खून का मामला सामने आया है। लोनार थाना क्षेत्र के सुहेड़ी गांव में एक बीघा खेत के विवाद में भतीजे अखिलेश यादव पर अपने सगे चाचा दिनेश यादव को गोली मारने का आरोप है। पैर में गोली लगने से दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने भूसे में छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दिनेश यादव पांच भाई हैं। उनके पिता की पांच बीघा जमीन का बंटवारा होने पर प्रत्येक भाई के हिस्से में एक-एक बीघा खेत आया था। आरोप है कि अखिलेश यादव अपने चाचा दिनेश की जमीन भी अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था। चाचा ने जमीन देने से इनकार किया तो विवाद बढ़ गया।गांव के बाहर स्थित मकान में लेटे दिनेश यादव पर अखिलेश ने तमंचे से गोली चला दी। गोली पैर में लगने से वह घायल हो गए और जान बचाने के लिए भूसे में छिप गए। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल

हरदोई। मोबाइल पर रील्स देखने को लेकर पति-पत्नी के बीच शुरू हुआ विवाद आधी रात को दो परिवारों के बीच संघर्ष की वजह बन गया। पति ने पत्नी से रोटी बनाने को कहा तो वह मोबाइल पर रील्स देखने में व्यस्त रही। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। आरोप है कि पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद पत्नी ने मायके फोन कर दिया। कुछ ही देर में 30 से 35 लोग गांव पहुंच गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के झबरा पुरवा गांव का है। सोमवार रात करीब 11:30 बजे पत्नी शिववती के भाई भूरा और बैद्यनाथ करीब 30 से 35 लोगों को लेकर कार, टेंपो और बाइकों से गांव पहुंच गए। मायके वालों के आने की भनक लगते ही पति अंकित वहां से निकल गया। इसके बाद मायके वालों का सामना अंकित के परिजनों से हुआ। पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इस संघर्ष में अंकित के पिता रामरतन, मां रंपा और बीच-बचाव करने पहुंचे पड़ोसी शिवम समेत दूसरे पक्ष के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया और घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।रामरतन के मुताबिक, अंकित और शिववती की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। उनका दो वर्षीय बेटा आदर्श भी है। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

भाई दूज का पर्व बड़े हर्षोल्लासपूर्वक मना

शिवगढ़ (रायबरेली)। हिन्दू धर्म में भैया दूज का विशेष महत्व है। भाई दूज के मौके पर बहन अपने भाई की लंबी आयु के लिए कामना करती है। भाई दूज का पर्व बहन और भाई के बीच अटूट रिश्ते को समर्पित है। भाई दूज को भैया दूज भी कहा जाता है। शिवगढ़ क्षेत्र भाई दूज का पर्व बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। वहीं बुधवार को शिवगढ़ क्षेत्र में विधि विधान के साथ भाई दूज के दिन बहनों ने अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर आरती किया और भाई को मुंह मीठा कराकर लंबी आयु की कामना की। भाईदूज पर विधि-विधान के साथ पहले एक पाट बिछाकर उसके ऊपर चावल के घोल से पांच शंक्काकार आकृति बनाती है। आकृतियों के बीचोबीच सिंदूर लगाकर पाट के आग स्वच्छ जल से भरा हुआ कलश, कुम्हरे के फूल, सिंदूर पान के पत्ते, सुपारी, बड़ी इलायची, छोटी इलाइची, जायफल इत्यादि रखतीं हैं। कुम्हरे के फूल के स्थान पर गेंदे का फूल प्रयोग में लाया जा सकता है। बहन भाई को आदरपूर्वक पाट पर बिठाती है। भाई के दोनों हाथों में चावल का घोल एवं सिंदूर लगाती है। वहीं शिवगढ़ क्षेत्र के शिवली, बैती, चितवनिया, देहली, बेड़ारू, पिण्डौली, गूढ़ा, खजुरो, ओसाह, कोटवा, गुमावां, नेरथुआ, सीवन सहित अन्य ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत के वार्डों में भी बड़े धूम-धाम के साथ भैया दूज का पर्व मनाया गया। वहीं पर्व के अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा ने क्षेत्र की जनता को दीपावली एवं भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

कृषक दुर्घटना योजना के लाभार्थियों को विधायक ने वितरित किए पांच-पांच लाख के चेक

अयोध्या। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के 18 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस योजना के तहत दुर्घटना में किसान की मृत्यु अथवा दिव्यांगता की स्थिति में पात्र आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। चेक प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को इस सहायता से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में अयोध्या जिले में कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) के 16 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र सौंपे गए। नियुक्ति पत्र मिलने पर चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह दिखाई दिया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए संकट की घड़ी में उनके परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवाओं में अवसर उपलब्ध कराना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। रोजगार के अवसर मिलने से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी, लाभार्थी मौजूद रहे।

गंगा एक्सप्रेसवे पर उजड़ गया पूरा परिवार! डिवाइडर से टकराई

पति-पत्नी और दोनों मासूम बच्चों की मौत



हरदोई। गंगा एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर एक हंसते-खेलते परिवार को निगल गया। सांडी थाना क्षेत्र में अंटवा-सिसला गांव के पास किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार 300 कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। भीषण हादसे में प्रयागराज निवासी 35 वर्षीय सौरभ उपाध्याय और उनकी 34 वर्षीय पत्नी मेनका उपाध्याय की मौत हो गई। दोनों अपने बच्चों शिवोम और व्योम के साथ नोएडा से प्रयागराज जा रहे थे। हादसे में दोनों बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान दोनों मासूमों ने भी दम तोड़ दिया। इस तरह एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक पल में उजड़ गया पूरा परिवार। जिस सफर पर परिवार खुशियों के साथ निकला था, वही सफर जिंदगी का आखिरी सफर बन गया। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की छापेमारी

रायबरेली। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत उप आबकारी आयुक्त, लखनऊ प्रभार के मार्ग दर्शन जिला आबकारी अधिकारी, रायबरेली के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्रवाई की गई। इस दौरान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 प्रशांत कुमार ने अपनी टीम के साथ सदर तहसील के थाना भदोखर अंतर्गत ग्राम भदोखर में कच्ची शराब बनाने के अड्डों एवं संदिग्ध घरों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई 200 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कराया गया। कार्रवाई के संबंध में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के कुल दो अभियोग पंजीकृत किए गए।

छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

माधौगंज, हरदोई। शराब के नशे में गाली-गलौज करने का विरोध करना एक युवक और उसके भाई को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर आधा दर्जन लोगों ने दोनों भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मामला माधौगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर ज्योली गांव का है। गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र राजबहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर की रात करीब 11 बजे गांव के कुलदीप सिंह, रज्जन सिंह, नीर सिंह, गोलू, विवेक और पुष्पेंद्र सिंह शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। जयप्रकाश ने जब इसका विरोध किया आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।उनके भाई सचिन को भी आरोपियों ने पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

बहन ने भाई को टीका लगाकर की दीर्घायु होने की कामना

लालगंज (रायबरेली)। हिंदू धर्म में दीपावली के बाद भैया दूज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर मंगल टीका लगाकर उनके दीर्घायु होने, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर भोजन करने गए थे। यमुना ने भाई का तिलक कर आरती उतारी और लंबी आयु की कामना की। तभी से यह पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट बंधन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। भैया दूज के पावन अवसर पर रेखा अवस्थी और शांभवी वाजपेई ने भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, राजन शुक्ला, राकेश शुक्ला, मुकेश शुक्ला, देवेश शुक्ला, शैलेश शुक्ला के मंगल टीका लगाकर भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। वातावरण पूरी तरह से स्नेह, प्रेम और पारिवारिक आत्मीयता से सराबोर रहा। भैया दूज का यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि भाई-बहन का रिश्ता दुनिया का सबसे पवित्र और नि:स्वार्थ रिश्ता है, जिसे प्रेम, विश्वास और सम्मान से हमेशा सींचते रहना चाहिए। वही शिवा शुक्ला और समृद्धि शुक्ला ने अपने भाई



अखिलभारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीयसदस्य नीलेश शुक्ला के मंगल टीका लगाकर मंगल मय जीवन की कामना की। इसके साथ ही जान्हवी अवस्थी ने अंबुज अवस्थी के टीका लगाकर भैया दूज की बधाई दी।

भव्य कलश यात्रा के साथ सिया राम कथा का हुआ शुभारंभ



लालगंज (रायबरेली)। नगर के संस्कृत विद्यालय में मानस मंथन समिति के तत्वाधान में नौदिवसीय सियाराम कथा भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गई है। बुधवार को सराफ मंडी स्थित प्रसिद्ध श्री भैरवनाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश धारण किए सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम की जय जयकार करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया और कथा स्थल पहुंचीं, जहां विधि-विधान से पंडित गिरजा शंकर दीक्षित के द्वारा पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कथा के प्रथम दिवस पर अयोध्या धाम से पधारीं निशु भरद्वाज गोपी जी ने भगवान श्रीराम की कथा का मार्मिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सियावर रामचंद्र की महिमा अपार है, जिसका गुणगान किया तो जा सकता है लेकिन संपूर्ण रामचरितमानस का वर्णन संभव नहीं है। श्रीराम का जीवन ही धर्म, मर्यादा और आदर्श का सजीव स्वरूप है। भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। जहां राम कथा होती है, वहां सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। कलियुग में राम नाम ही तारणहार है। कथा का आयोजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश शर्मा और व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर अमेठी सांसद केएल शर्मा, रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, अप्पू शर्मा, दीप प्रकाश शुक्ला, मनोज अवस्थी, पुष्कर गुप्ता, अभिषेक शर्मा सहित लालगंज नगर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

जनशक्ति सेवा संस्थान की बैठक संपन्न, सदस्यों को सौंपी गई नई जिम्मेदारियां

अयोध्या। बारून बाजार स्थित ओ.एन. एकेडमी विद्यालय में जनशक्ति सेवा संस्थान की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के विस्तार, समाजसेवा, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान संगठन के सुचारु संचालन के लिए नियम निर्धारित किए गए और कई सदस्यों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।संस्थान के अध्यक्ष रवि पाण्डेय ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। वहीं विद्यालय प्रबंधक एवं अधिवक्ता धर्मपाल पाण्डेय ने समाजसेवा को पुनीत कार्य बताते हुए सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि संगठन समाजसेवा के साथ अपने सदस्यों को भी हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



रायबरेली। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर आज एशियन सोसाइटी ऑफहेल्थ एजुकेशन एंड वेलफेयर की ओर से एशिया लॉन, स्वराज नगर, लखनऊ रोड, रायबरेली में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा मौलाना अबुल कलाम आजाद के शैक्षिक एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती समीरा खान न्यायिक अधिकारी जे.एम.-सह-पी.एम. (जे.जे.बी.), डाल्टनगंज, झारखंड ने कहा मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी ने कहा शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने स्वतंत्र भारत में शिक्षा की मजबूत नींव रखने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका सपना था कि देश का प्रत्येक बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे और अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे। आज आवश्यकता है कि हम शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम न मानकर ज्ञान, संस्कार और आत्मनिर्भरता का आधार बनाएं।विशिष्ट अतिथि के रूप में मारूफ रायबरेलवी शायर व अंतरराष्ट्रीय मुशायरों के नाजिम, सत्य प्रकाश यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय एवं मोहम्मद जुबैर, प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, वैज्ञानिक सोच और नैतिक मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने का सराहनीय माध्यम हैं। गोष्ठी में वक्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन, उनके दूरदर्शी विचारों तथा भारतीय शिक्षा व्यवस्था के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आजाद ने शिक्षा को सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता और विकास का महत्वपूर्ण माध्यम माना। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय आधुनिक भारत की शिक्षा में मौलाना आजाद का योगदान, समूहगान प्रतियोगिता का विषय पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक हमारे लिए वरदान या चुनौती निर्धारित किया गया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं पर चिंतन करने का अवसर मिला। वहीं भाषण एवं समूहगान प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शिक्षा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं के परिणाम कुछ इस प्रकार रहे:-**भाषण सीनियर**1. कुलसूम हसन, दारुल अरकम पब्लिक स्कूल-रायबरेली।2. प्रज्ञा मिश्रा, पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज रायबरेली।3. खौला जावेद, दारुल अरकम पब्लिक स्कूल-रायबरेली।**भाषण जूनियर**1. नव्या मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय पूरे गोसाई आदमपुर।2. आफरीन बानो, रायबरेली कान्वेंट स्कूल रायबरेली।3. शान खान, रायबरेली कान्वेंट स्कूल रायबरेली। **पोस्टर निर्माण सीनियर**1. जेबा, विबग्योर पब्लिक स्कूल-रायबरेली।2. इंशा खां, न्यू विजन पब्लिक स्कूल-रायबरेली।3. मानशी, पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज रायबरेली।**पोस्टर निर्माण जूनियर**1. आयशा बी, कम्पोजिट विद्यालय किला बालक, नगर क्षेत्र-रायबरेली।2. जीनत बानो, रायबरेली कान्वेंट स्कूल रायबरेली।3. वासफिया जहीर, दारुल अरकम पब्लिक स्कूल-रायबरेली। **समूह गान**1. उच्च प्राथमिक विद्यालय कठवारा, हरचन्दपुर-रायबरेली।2. विबग्योर पब्लिक स्कूल, रायबरेली।3. कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर, नगर क्षेत्र-रायबरेली। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किए जाने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का आयोजन एशियन सोसाइटी ऑफहेल्थ एजुकेशन एंड वेलफेयर द्वारा किया गया, जबकि उत्तर प्रदेशीय उर्दू शिक्षक संघ, रायबरेली ने सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी प्रतिभा, विचारों और रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। हमारा विश्वास है कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र के निर्माता हैं।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में खास तौर से मो. शोएब हसन खान, इरफान अहमद, मो. इरफान खान, मोइनुल हक, सैयद खुर्शीद अहमद, मोहम्मद नसीम, हसीन अहमद, अफसर अहमद, अनवर अली, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अब्दुल हलीम, डॉ. संतलाल, डॉ. इकबाल यूसुफ, दिनेश कुमार मौर्य, रोहित चौधरी, सलाउद्दीन अंसारी, खैरून निसा नकवी, सौम्या खान, सुनिल यादव, आयशा अफ्रोज, फातिमा बानो, बिरजिस अंजुम, जूबिया परवीन आदि सम्मानितजनों के साथ रायबरेली के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के अध्यापक व छात्र छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

एक नजर

तंत्र-मंत्र का विरोध करने पर मां बेटी से मारपीट

मुंशीगंज अमेठी। बंदोइया गांव में तंत्र-मंत्र और देर रात पूजा-पाठ के दौरान होने वाले शोरगुल का विरोध करना मां-बेटी को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसियों ने दोनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी करमपति पत्नी शिव बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी नन्हेलाल अनिल सुनील और राज समेत अन्य लोग पिछले एक सप्ताह से एक ओझा को बुलाकर रात करीब 12 बजे तक पूजा-पाठ करते हैं। इससे आसपास के लोगों को परेशानी होती है। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगते हैं। 20 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उक्त लोग कफन और चुनरी लेकर मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान करमपति की बेटी सविता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता और मारपीट की। राज पर बेटी के साथ अश्लील हरकत करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है। बेटी की आवाज सुनकर पहुंची करमपति ने बीच-बचाव किया तो नन्हेलाल ने उनके साथ भी मारपीट की।शोर सुनकर ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी मां-बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

61 मृतक किसानों के आश्रितों को मिली आर्थिक सहायता

अमेठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 4300 लाभार्थियों को कुल 215 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि वितरित की। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से राजस्व विभाग के लिए नवचयनित 1146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद अमेठी के तहसील गौरीगंज स्थित एनआईसी में किया गया। इस अवसर पर विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिशा श्रीवास्तव सहित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना। उन्होंने कहा कि युवाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता योग्यता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के उपरांत विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह द्वारा जनपद अमेठी में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत स्वीकृत सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक 61 मृतक किसानों के निकटतम विधिक वारिसानों को वितरित किए गए। इन लाभार्थियों को कुल 2 करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहारा देने की महत्वपूर्ण पहल है।

आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर

अमेठी। पूर्वांचल के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जोरो पर तैयारियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिले और बिहार प्रांत में मनाया जाने वाला यह महापर्व अब जिले में भी पूरी तरह फैल चुका है। नौकरी-पेशा और शादी विवाह के बाद यहां रह रहे परिवार विधि विधान से छठ पूजन करते हैं। जिसके लिए छठ घाट पर बेदी बनाने पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने के लिए होड़ लगी हुई है। आस्था के इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व विशेष रोचक होता है। नहाय खाय के साथ कार्तिक मास में अमावस्या के बाद चतुर्थी तिथि को छठ पूजा की शुरुआत होती है। दूसरे दिन खरना होता है।व्रती शाम को ठेकुआ आदि का प्रसाद ग्रहण करते है।षष्ठी को व्रत के साथ छठ घाट पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य उसके बाद सप्तमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर इस महापर्व का समापन होगा। छठ पूजा को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में जोरो पर तैयारियां चल रही हैं।

भगवान चित्रगुप्त और कलम दवात की हुई पूजा



गौरीगंज अमेठी। जनपद के विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री चित्रगुप्त की सामूहिक पूजा एवं कलम-दवात पूजन कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम दरपीपुर में भगवान श्री चित्रगुप्त की सामूहिक पूजा एवं कलम-दवात पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कायस्थ समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विधि-विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन-अर्चन किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि कायस्थ समाज ने सदैव समाज को नई दिशा देने और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य किया है। यह समाज अपनी बौद्धिक क्षमता शिक्षा संस्कार और सामाजिक दायित्वों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त संपूर्ण सृष्टि के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं। वे मनुष्य के पाप और पुण्य का हिसाब रखते हैं।कायस्थ समाज का भगवान श्री चित्रगुप्त से विशेष आध्यात्मिक जुड़ाव है। ऐसे आयोजन समाज में एकता भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में आमंत्रित एवं सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव अनिल प्रकाश श्रीवास्तव डॉ. ओम प्रकाश श्रीवास्तव सतीश कुमार श्रीवास्तव संतोष कुमार श्रीवास्तव राम प्रकाश श्रीवास्तव विनय कुमार श्रीवास्तव दिनेश कुमार श्रीवास्तव वीरेंद्र श्रीवास्तव अखिलेश श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।आयोजन के दौरान समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

शराब पीने से युवक की मौत एक का चल रहा इलाज

जामो अमेठी। आज जरिये 112 समय 03.15 बजे सूचना मिली की कम्पोजिट शराब ठेका भोए थाना जामों जनपद अमेठी के सामने 02 व्यक्ति नशे मे बेहोश पडे है । मौकें पर जाकर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि शानि सिंह पुत्र इन्द्रबहादुर सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सरमे थाना जामों जनपद अमेठी व उनको दोस्त श्रीकान्त उर्फ राजा पुत्र स्व0 सूर्यभान सिंह उम्र करीब 28 वर्ष निवासी उपरोक्त व उनके साथ एक अन्य व्यक्ति जो कम्पोजिट शराब ठेका पर शराब के नशे मे आये थे और पुन: अंग्रेजी शराब लेकर पीये थे प्राथमिक दृष्टि से ओवर डोजिंग के कारण श्रीकान्त उर्फ राजा तथा शानि उपरोक्त को जामों लाया गया जहाँ डाक्टरो के द्वारा श्रीकान्त को मृत घोषित कर दिया गया है डेथ मेमो के आधार पर पंचायतनामा की कार्यवाही प्रचलित है ।

पत्रकार को पितृ शोक

अमेठी। स्थानीय विकास खण्ड के सोमपुर मनकंठ गांव निवासी पत्रकार सूर्य प्रकाश शुक्ल के पिता पंडित शिवाकांत शुक्ल उम्र लगभग 60 वर्ष का सोमवार की रात हृदयगति रुकने से असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शोक संवेदना प्रकट करने के लिए जिले के संभ्रांत लोगों का तांता लगा हुआ है। सूर्य प्रकाश शुक्ल एक सम्मानित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार हैं। सोमवार की शाम उनके पिता की तबियत अचानक बिगड़ी तो उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहा संसार को अलविदा कह दिया।